डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | पौष शुक्ल पक्ष, 05- 2082 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 24 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

आदेश के खिलाफ मप्र कर्मचारी मंच

भोपाल। भोपाल डायल के एक हालिया आदेश से प्रदेश के करीब ढेढ़ लाख कर्मचारी अभिभावकीहीन हो गए हैं। इसके विरोध में मप्र कर्मचारी मंच 28 दिसंबर को अरेरा कलर मैदान में धरना देगा। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मंचपरिषद के निर्णय के बाद दैनिक पेंशनभोगियों और अंशदायीहीन कर्मचारियों के पद समाप्त कर दिए गए हैं। इससे असंतोष है।

विद्युत पेंशनर्स की 2 सूत्रीय मांग

भोपाल। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश संयोजक डॉ. दीपेंद्र व्यास ने बताया कि मांगों में शासकीय कर्मचारियों से पेंशन की गारंटी तथा केंद्र सरकार के आदेश अनुसार समान दर व विधि से महंगाई राहत सुनिश्चित है।

पेंशनर्स को जल्द मिल सकता है डीआर

भोपाल। ईपीएफ पेंशनर्स को जल्द ही 7000 रुपए के साथ डीआर और मेडिकल सुविधा का लाभ मिल सकता है। यह जानकारी राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस 95 के अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय श्रम मंत्री से आश्वासन मिलने के बाद शासन स्तर पर कार्यवाही तेज की गई है।

दुकान में घुसे चोर अलमारी से ले गए 8. 77 लाख रुपए

भोपाल। बैरसिया इलाके में स्थित मोबाइल की दुकान से लेन लगभग चोरों ने 8.77 लाख रुपए चोरी कर लिए। बदमाश छत के रास्ते दुकान में दाखिल हुए थे। आरोपी आलमारी में रखी नकदी चोरी करके ले गए। बैरसिया पुलिस के मुताबिक, नीलकंठ कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय सिद्धांत नामदेव मिलिंग मोबाइल की दुकान संचालित करते हैं। रविवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन पहुंचे तो दुकान में आलमारी का ताला टूटा था, जिसमें रखे करीब 8.77 लाख रुपए गायब थे। इसके बाद उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने थाने ले जाकर पीटा, बाद में बोला सॉरी

भोपाल। हबीबगंज थाने में पदस्थ एसआई शाहिद खान पर एक युवक ने बिना कारण मारपीट का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी शाहिदउद्दीन ने आरोप लगाया कि दो लोगों के बीच चल रहे आपसी विवाद के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस उसे थाने लेकर आ गई थी। वहां उसे बुरी तरह से पीटा गया। शाहिदउद्दीन के मुताबिक विवाद के समय वह दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे ही हिरासत में ले लिया। बुरी तरह से पीटने के बाद पुलिस ने उससे कहा कि गलतफहमी से उसे पकड़ लिया था। इसके बाद उसे सॉरी बोलकर छोड़ दिया गया। शाहिदउद्दीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सेकंडों किमी दूर बैठक डाक्टर ने उपस्थित दर्ज करवाई

भोपाल। मरीजों की सेवा के लिए तैनात डॉक्टर अगर कार्यस्थल से सैकड़ों किलोमीटर दूर बैठकर हाजिरी लगाने लगें, तो सरकार सिस्टम पर भी उठते हैं। राजधानी में सार्वजनिक एच बी सभीक्षा के दौरान ऐसा ही मौकाने वाला मामला सामने आया, जिसके बाद सीएमएचओ भोपाल ने सख्त रुख अपनाते हुए दो सरकारी मेडिकल के डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रखी नींव

देश का पहला पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनेगा धार में

डीआर संवाददाता।। भोपाल

प्रदेश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर देश के पहले मेडिकल कॉलेज की नींव मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रखी। पीपीपी मोड पर स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन के साथ हुए अनुबंध के तहत 25 एकड़ भूमि पर 260 करोड़ रुपए की लागत से धार का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय नड्डा ने रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया। पीपीपी कॉलेज निर्माण धार में शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिले धार और बैतूल में मंगलवार को मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन हो रहा है। यह पीपीपी मोड का बनने वाला देश का पहला मेडिकल कॉलेज होगा।

स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन के साथ हुए अनुबंध के तहत 25 एकड़ भूमि पर 260 करोड़ रुपए की लागत से धार का मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा

इसी वर्ष अगस्त माह में पीपीपी मॉडल पर बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में चार नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए थे

स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को दिया एक नेतृत्वः नड्डा

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। यह न सिर्फ धार बल्कि पूरे देश को एक नेतृत्व दिया है। राज्य में नवाचारी सोच और जन सहभागिता के साथ देश ने पीपीपी मोड के आधार पर पहला मेडिकल कॉलेज शुरू किया जा रहा है। यह मॉडल न सिर्फ स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिले धार और बैतूल में मंगलवार को मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन हो रहा है। यह पीपीपी मोड का बनने वाला देश का पहला मेडिकल कॉलेज होगा।

वर्ष 2002-03 में थे सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2002-03 तक मात्र पांच मेडिकल कॉलेज थे। जब प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 33 तक पहुंची है। राज्य ने पिछले भी दशकों में 9वां शासकीय मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए

धार को मां नर्मदा और ऋषि दाधीच का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार को ऋषि दधीच और मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण रहा है। महाराजा भोज ने अपने राज्य की राजधानी धार को बनाया था। उन्होंने धार में एक से बढ़कर एक भव्य भवनों का निर्माण किया था।

एमबीबीएस की वर्ष 2030 में 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य नड्डा

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज और 51 हजार एमबीबीएस सीटें थीं, जबकि 819 मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस की सीट। लगभग 26 हजार सीटें हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 से पहले 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। नड्डा ने डिजिटल मेडिकल एजुकेशन की प्रतिभागियों से मिलकर और मुझे कहा कि पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज देश अग्रसर आगे चलने का कहाई दी।

सरपंच के जेठ और सचिव पर 2 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप

डीआर संवाददाता।। भोपाल

ग्राम पंचायत परसोद की महिला सरपंच के जेठ और पंचायत सचिव पर मिलकर करीब दो करोड़ रुपए की गड़बड़ी करने का आरोप लगा है। यह शिकायत पंचायत के एक पंच ने कलेक्टर को लिखित में की। इसके अलावा दिल की गंभीर बीमारी से जूझ रही बच्ची के इलाज, प्लॉट हड़पने, एमबीबीएस एडमिशन में ठगी और बुजुर्ग महिला को घर से निकालने की शिकायतें जैसे मामलों को लेकर कुल 131 शिकायतें सामने आई।

ग्राम पंचायत परसोद के वार्ड नंबर 3 निवासी जागरी निवासी पीयूषिका मिश्रकर्मा ने बताया कि महिला सरपंच सखी मनोहर गिरी गोस्वामी की कार्यशैली का उपयोग उनके जेठ मुकेश गोस्वामी कर रहे हैं। उन्होंने पंचायत की सील और हस्ताक्षर का दुरुपयोग कर सचिव के साथ मिलकर जून 2022 से मनरेगा के पुराने कार्यों का दोबारा प्रतिवेदन बनवाया। आरोप है कि करीब 30 कार्यों में फर्जी मजदूरी और बिलों के जरिए लगभग दो करोड़ रुपए की गड़बड़ी की गई। कलेक्टर ने मामले की जांच जिला पंचायत सीईओ अंकित तिवारी को सौंपी है।

तीन लाख रुपए वापस नहीं किए

गुलमोहर अपार्टमेंट निवासी रेणु शोभारी ने लिखपाल हाउसिंग सोसाइटी पर प्लॉट हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 में उन्हें प्लॉट आवंटित हुआ था, लेकिन बाद में तकनीकी सक्षमता रद्द कर प्लॉट किसी और को दे दिया गया। मामले की जांच उपायुक्त सहकारिता को सौंपी गई है। कोलार निवासी अंजुम खान ने एमबीबीएस एडमिशन के नाम पर कालसंतर द्वारा तीन लाख रुपए वापस न करने की शिकायत की। वहीं अरेरा क्षेत्र की 71 वर्षीय फुलबाई ने आरोप लगाया कि उनके बेटे और बहुएं उन्हें घर से निकालने की धमकी दे रही हैं, जबकि मकान उनके नाम पर है। उन्होंने सुरक्षित जीवन और भरण-पोषण की मांग की है।

जनसुनवाई में ग्राम पिपलिया जाहर पीर की पीयूषी यादव भी पहुंची। उन्होंने बताया कि उनकी दो वर्षीय बेटी आदवी के दिल में 60 एमएम का छेद है। पहले उन्हें जेपी अस्पताल भेजा गया था, लेकिन वहां इलाज से मना कर दिया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भक्तों को महाकाल का पंचामृत प्रसाद का वितरण किया

डीआर संवाददाता।। भोपाल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंगलवार को श्री क्षिप्रा तट महाकाल मंदिर पहुंचकर महाकाल का पंचामृत अभिषेक कर पूजा अर्चना की। महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश और देश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। महाकाल

मंदिर समिति की ओर से नड्डा, मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का शॉल, श्रीफल, प्रसाद भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बाबा महाकाल के दर्शन के बाद

भक्तों को प्रसाद वितरित करते केंद्रीय मंत्री नड्डा व सीएम डॉ. यादव।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल अन्न क्षेत्र में भक्तजनों को प्रसाद वितरण कर स्वयं भी प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर नप्र के अध्यक्ष महेश सिंह भी उपस्थित रहे।

बस स्रोत में उतरते ही बच्चों में मची चीख-पुकार, कार और बस में टक्कर दपंती घायल

डीआर संवाददाता।। भोपाल

बैरसिया इलाके में सोमवार सुबह एक निजी स्कूल की बस और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दंपती और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित रहे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस और कार दोनों सड़क से उतरकर खेत में जा गिरीं। हादसे के बाद बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि बच्चों को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई।

थाना प्रभारी दीपेंद्र सुगाड़िया ने बताया कि यह फर्जेट स्टॉप लगभग सुबह दोपहर

करीब 12:20 बजे सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही कार से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार सवार जसवंत, उनकी पत्नी फूल बाई और बेटा अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं हादसे में घायल स्कूली बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लापरवाही के संकेत मिलने पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

भोपाल में बायपास चौड़ीकरण के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण का काम शुरू होते ही इसे लेकर सियासत तेज हो गई है। ढालावाला व्यवस्था सुधारने के नाम पर किए जा रहे पेड़ों के कटान के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ऑक्सीजन मास्क पहनकर, जेसीबी मशीन पर चढ़कर और कट रहे पेड़ों के बीच पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान

पर्यावरण बचाओ और पेड़ बचाओ के नारे लगाए गए। कांग्रेस विधानसभा प्रवीण दलोरिया ने कहा कि बायपास चौड़ीकरण के लिए हजारों पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिनमें कई पेड़ 40-40 साल पुराने हैं। ये पेड़ शहर के ऑक्सीजन और शुद्ध हवा देते हैं, लेकिन विकास के नाम पर इन्हें खत्म किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम अभियान की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के पेड़ों की बलि दी जा रही है।

प्रवीण दलोरिया ने दावा किया कि पेड़ों की कटाई बिना वैधानिक अनुमति के की जा रही है और घटिया गुणवत्ता वाले पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेड़ों की कटाई नहीं रोकी गई, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी और हर कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

विहिप, बजरंग दल के अलावा मुस्लिम समाज भी सड़क पर

डीआर संवाददाता।। भोपाल

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रही हिंसा के विरोध में भोपाल सहित पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया गया। भोपाल के हबीबगंज क्षेत्र में मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। ऑल इंडिया मुस्लिम लोहार कमेटी ने हरी मानवाधिकारों का मुद्दा उठाते हुए भारत सरकार से सख्त कदम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की। विश्व हिन्दू परिषद और

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ फूटा गुस्सा

बजरंग दल ने दोपहर 12:30 बजे एमपी नगर में बंगलादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की प्रदर्शन किया

कोहरे का अलर्ट | एमपी में क्रिसमस पर कड़ाके की ठंड, घना कोहरा भी रहेगा

ग्वालियर-रीवा में सुबह 'जीरो विजन', पारा 5 डिग्री से नीचे जाने के आसार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी का असर अब मध्य प्रदेश में भी साफ नजर आ रहा है। प्रदेश में ठंड लगातार तेज होती जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार रात से सर्दी का असर और बढ़ेगा। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। पचमढ़ी और कलमाचुरा में रात का तापमान पहले ही 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा चुका है।

प्रदेश के उत्तरी जिलों में घने कोहरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ग्वालियर, रीवा और सतना में सुबह के समय दृश्यता

50 से 200 मीटर तक लिमिट गई, जिससे हालात 'जीरो विजन' जैसे बन गए। वहीं दमोह, छतरपुर, नरसिंहपुर, नरसिंहगढ़, सीधी, दतिया, इंदौर, भोपाल, राजगढ़, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर और देवास में भी सुबह 6 से 8 बजे के बीच घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण कई जिलों में सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया। ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, सिंगरौली, सीधी, शिवपुरी और शाजापुर में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, देवास, राजगढ़, रायसेन और विदिशा में सामान्य कोहरे का असर रहा।

मौसम पूर्वानुमान अंदाज के अनुसार आगले दो दिनों में कोहरे का असर कुछ कम हो सकता है, लेकिन ठंड और तेज हो जाएगी। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट आने की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहेगा और सर्दी में सर्दी की बारिश के आसार नहीं है।

बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग की मांग, किया प्रदर्शन

भोपाल। बांग्ला दिवसीय बैंकिंग सप्ताह खत्म, 5 डे बैंक वर्किंग की मांग को लेकर मंगलवार को भोपाल में प्रदर्शन किया गया। अरेरा हिल्स में सैकड़ों बैंककर्मी जुटे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मांग नहीं मानी तो वे आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने मंगलवार को पेंडिंग में राज्यों की राजधानियों में प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। इसके पहले फोरम की स्थानीय भोपाल इकाई ने आह्वान पर राजधानी के सैकड़ों बैंक कर्मचारी और अधिकारी शाम साढ़े 5 बजे यूको बैंक जोनल ऑफिस अरेरा हिल्स के सामने एकत्रित हुए।

सोना 1.36 लाख के पारय 1 साल में 60 हजार महंगा हुआ

डीआर संवाददाता।। भोपाल

नई दिल्ली/मुंबई। दो सोने की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को पहली बार 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 2313 रु. बढ़कर 36 लाख रु. पर बिका। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक दिसंबर में अब तक यह 9992 रु. (76%) महंगा हो चुका है। इसी तरह चांदी भी 5275 रु. बढ़कर 2.11 लाख रु. प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई। यह कीमतों का रिकॉर्ड स्तर है। दिसंबर में चांदी 46641 रु. महंगी हो चुकी है। बता दें कि सोने का भाव एक साल में 60 हजार रु. बढ़ चुका है। यह 2024 में इसी दिन 76 हजार रु. था। हालांकि इस साल दीपावली से अब तक अमेरिका जीमतों के चलते सिर्फ 6 हजार रु. ही महंगा हुआ।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौष कृष्ण पक्ष,05- 2082 | सीहोर, दिन बुधवार,दिनांक 24 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

उद्यम स्थापित करने के लिए आवेदन 30 तक

सीहोर। अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवकों के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार एवं उत्पादन मूलक आर्थिक कल्याण योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के तहत उद्यम स्थापित करने के लिए इच्छुक युवा 30 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ताकि युवा स्वरोजगार से जुड़कर लाभ ले सकें।

शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 5 तक

सीहोर। उच्च शिक्षा विभाग ने 2025-26 में पीएचडी शोध छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गों के दिव्यांग शोधार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए आवेदन मांगे हैं। 5 जनवरी तक आवेदन जमा करना होगा।

लेटर डाउनलोड करने का आज आखिरी मौका

सीहोर। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल्स सिलेक्शन की ओर से प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) के इंटरव्यू लेटर जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र ऑफिशियल वेबसाइट पहले पर 24 दिसंबर तक डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र परीक्षा के दौरान इंटरव्यू लेटर नहीं मिले जाएंगे।

एनवीए के लिए आवेदन 14 जनवरी तक

सीहोर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पोस्ट ग्रेजुएट (सीयूईटी पीजी) 2026 के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 14 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव 8 जनवरी से उज्जैन में

सीहोर। जनपद पंचायतालगोन राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब एक महीने बाद होगा। पूर्व में राज्य स्तरीय युवा उत्सव 8 से 10 दिसंबर तक होना था। लेकिन अब 8 से 10 जनवरी उज्जैन में किया जाएगा।

शिक्षक और बीएसी की नियुक्ति नहीं

सीहोर। जिला शिक्षा केंद्र में 8 अगस्त को प्रतिनियुक्ति के लिए शिक्षकों से आवेदन मांगे थे। 114 जन शिक्षकों और 21 बीएसी के पदों के लिए आवेदन बुलाए गए थे। 334 शिक्षकों ने इन पदों के लिए आवेदन किया था। चार माह बीत जाने के बाद भी नए जन शिक्षक और बीएसी की नियुक्ति नहीं हुई है। जिले में फिलहाल 87 जन शिक्षक केंद्र हैं। एक जन शिक्षक केंद्र में दो जन शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति होनी चाहिए। इस हिसाब से 114 जन शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति होनी है। जिला शिक्षा विभाग ने जन शिक्षक के 114 और बीएसी के 21 पदों के लिए आवेदन बुलाए थे। यही हाल बीएसी का भी। जन शिक्षकों की तरह ही बीएसी विकासखंड एकेडमिक समन्वय के भी हाल हैं। जिले में पांच ब्लॉक में बीएसी के 25 पद हैं। इनमें से 21 नई भर्ती की जाना है, लेकिन पुराने बीएसी से ही काम चलाया जा रहा है। 21 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं, उनकी प्रतिनियुक्ति में भी जिला शिक्षा विभाग द्वारा शासन के नियमों की अनदेखी की जा रही है, जबकि बीएसी के लिए भी वही नियम लागू

बस हादसा बस में 45 यात्री सवार थे, इनमें से 35 घायल, 14 की हालत गंभीर

संतुलन खोने से बस स्पिल वॉल पर चढ़ी, बस के नीचे फंसे बाइक सवार को जेसीबी से निकाला

डीआर संवाददाता» सीहोर

भोपाल जा रही यात्री बस मंगलवार सुबह 10 बजे अचानक अनियंत्रित हो गई। सलकनपुर नाका डिवाइडर पर पुलिया से टकराते हुए रिपलन वॉल पर चढ़ गई। बस में सवार 35 यात्री घायल हुए हैं। इनमें से 14 की – हालत गंभीर है। एक यात्री की गंभीर हालत में भोपाल में मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार से चल रही बस के सामने अचानक एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने में ड्राइवर ने बस का संतुलन खो दिया और बस पुलिया से टकराते हुए रिपलन वॉल पर चढ़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा नाका की पिलर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात – यह रही कि बस नहीं पलटी वरना बड़ा हादसा हो जाता। बाइक पर सवार दो लोगों में से एक की मौत हो गई। दूसरे को हालत नाजुक बताई जाती है।

बस में सवार 13 अन्य यात्रियों को भी गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। भोपाल ट्रांसपोर्ट की बस हादसा से मोहाल जा रहा था। हादसे के बाद घायल यात्रियों को रेफरी के स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार दिया गया।

पिछले दस महीने में जिले में 3280 घटनाएं

पिछले दिनों पुलिस एक ने जानकारी दी सितम्बर 2025 तक के तक की बताया कार्यालय की थी। जिसमें पता चला कि 10 महीने में जिले में 3280 सड़क हादसे हुए थे। जहां कि 65 दिन 10 से 12 हजार हादसे होना बताया गया है। इन हादसों में करीब चार हजार से ज्यादा 35 लोगों की जान की चली गई थी। एक्सीडेंट 108 के आंकड़े बताते हैं कि सड़क हादसों में घायल व्यक्ति सबसे ज्यादा थे। 15 से 35 वर्ष में 65 युवा दुर्घटना का शिकार ज्यादा हुए हैं। 31 से 45 वर्ष के 35 लोग एक्सीडेंट का शिकार हुए। 15 साल से कम उम्र के 45 और 60 उम्र के 25 युवाओं में घायल हुए। बताते कि इन हादसों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

एक दिन पहले भी बस हुई थी दुर्घटना का शिकार

सोमवार रात को भी भोपाल ट्रैवल्स की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। रात 9.30 बजे बस सलकनपुर से लगभग 400 मीटर पहले डायरा नाका के पास एक डिवाइडर से टकरा गई थी। हालांकि उस समय भी कोई जनहानि नहीं हुई थी। ड्राइवर का कहना था कि सामने से आ रहे डंपर का ड्राइवर नशे में था और उसने बस में टक्कर मार दी थी। तब भी चार यात्रियों को मामूली चोटें आई थीं।

तेज रफ्तार से आए दिन होते हैं हादसे

पांचवें में हुए हादसों में 8 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी थी। हादसों से सीहोर जिला बने ही टॉप-10 में शामिल हो गया है। लेकिन सड़क सुरक्षा समिति उस तरफ हादसों को रोकने कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी है। पिछले दिनों सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी हादसे रोकने कोई ठोस फैसला नहीं हो सका।

पुलिस वाहन से घायलों को अस्पताल भेजा

बस दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर यात्रियों की चीखें गूंजने लगीं। बाइकों और राहगीरों ने तत्काल घायलों को बस से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू चलाकर घायलों को नेहरू मानसिक चिकित्सालय केंद्र पहुंचाया। जानकारी होने के तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलाई गई। 108 एम्बुलेंस कर्मी घटना के तुरंत 108 एम्बुलेंस नहीं आई। ऐसे में पुलिस वाहन से ही घायल व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बाइक सवार 26 वर्षीय ब्रजेश बस के नीचे दब गया था। ग्रामीण लोगों ने जेसीबी की सहायता से उसे बाहर निकाला। रेफरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अजयी राठौर ने बताया कि बहुत प्रयास करोड़ का मोटिक अस्पताल रेफर कर दिया गया था, लेकिन वहां पहुंचने ही उसकी मौत हो गई। दूसरे गंभीर घायल राजू तथा 55 वर्षीय सुलतानपुर की दोनों मजदूर हैं।

बड़ी संख्या में पत्थर जमा होना गंभीर मामला, इसकी जांच होना चाहिए

डीआर संवाददाता» सीहोर

कल्याणी सेना के संरक्षक के साथ रविवार रात हुई मारपीट के विरोध में मंगलवार को व्यापार महासंघ ने दोपहर 2 बजे तक नगर बंद का आह्वान किया। बाजार पूरी – तरह बंद रहे। बाम-पान की दुकानें भी नहीं खुलीं। बसें आईं, लेकिन दुकानें बंद होने से समय से पहले लौट गईं। भरतीपुरा, सुखसार, गंजा और पुराना बस स्टैंड, सीहोर नाका, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, गंज चौराहा, कन्नौद रोड सहित पूरे शहर में बंद का असर दिखा। सीहोर : बने व्यापारी, कल्याणी सेना और हिंदू संगठनों के लोग सिविल अस्पताल चौराहा पर एकत्र हुए। वहां से रैली निकाली गई जो बुधवारा, गंजा चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। यहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अतीश्वर चौराहे पर हुई मारपीट और धमकी की घटना के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश राठौर ने ज्ञापन का वाचन किया।

उन्होंने कहा कि घटना के तीसरे 5 मिनट में बड़ी संख्या में पत्थर जमा हो गए, यह गंभीर मामला है। इसकी जांच होनी चाहिए। आरोपियों की गिरफ्तारी, अवैध अतिक्रमण हटाने, फलदों की उपलब्धता की जांच और अतीश्वर चौराहे पर सुलभ कॉम्प्लेक्स निर्माण की मांग की गई।

एक घंटे तक चला प्रदर्शन

ज्ञापन देने के दौरान नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि जयसिंह बैरागी तथा जिला मंत्री सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। ज्ञापन के बाद कल्याणी सेना और हिंदू संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे तक चले जिस कल्याणी सेना ने लेकर तहसील परिसर में नारे भी लगे गए। उन्होंने मांग जिले के मामले संदेह और जुलूस निकालने की मांग की। एक बार तक भारी भीड़ के साथ प्रदर्शन चला।

पटना के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

वार्षिक उत्सव में 60 छात्र सम्मानित

डीआर संवाददाता» इमलर

जवाहर नवोदय विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री कल्याण सिंह वर्मा, पंचायत जिला अध्यक्ष कैलाश कुशवाह, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने की।

उत्सव में गणित के दर्शन, एक भारत श्रेष्ठ भारत और अन्य विषयों पर आधारित स्वागतमय प्रस्तुतियां दी गईं। तकनीक और स्वास्थ्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नमित पर आधारित नाटक, नृत्य, भाषण और कविता पाठ हुए। भारतीय संस्कृति पर आधारित नाटक और लघु नृत्य सहित कुल 18 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

जन सुनवाई में पहुंचे पति-पत्नी के परिजन भिड़े, बिना तलाक शादी का आरोप

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में उमड़कर हंगामा हुआ। विवाहरत लेकर आए पति, पत्नी और उनके परिजन के बीच तनातनी हो गई। देखते ही देखते मारपीट तक नौबत आ गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग करना पड़ा। महिला ने जनसुनवाई में आरोप लगाया कि उसके पति ने दूसरी महिला से से शादी कर ली है और उसे व उसके दो बच्चों को छोड़ दिया है।

विवाहजनसुनवाई में महिला और उसके पति के बीच हाथापाई।

बताया। इससे पत्नी और उसके परिजन विफर गए। 60 घंटों में रहने वाली वह नहीं चाहती अपना नागरिक, पास की पंचायत से भी किया इंकार। टाप्पनपा अपना नहीं मान रही। वहीं पास की पंचायत की टाप्पन मोहल्ला क्षेत्र को अपना बताने से इंकार कर चुकी है। है। जिस जिस चुनाव चुनाव के के बाद टाप्पन मोहल्ला के 80 घरों को जोड़ा

कोटवारों ने नई वर्दी का किया बहिष्कार

कोटवारों ने नई वर्दी का बहिष्कार करते हुए रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट में 50 से ज्यादा कोटवारों ने। कल्याणपुर नहीं चलेगा, कोटवार नई वर्दी नहीं पहनेंगे। ऐसी नारेबाजी की। उन्होंने नई कोटवार वर्दी को अनफिट और बिना सुरक्षा की बताया और वर्दी का पैसा पहले की तरह वेतन से काटने की मांग की। जनसुनवाई में 50 से 60 आवेदन

कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई शिव महापुराण कथा

डीआर संवाददाता» सीहोर

उदयपुरा स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा के पश्चात कथा का आरंभ की। इस मौके पर यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

पहले दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने शिव महापुराण का महत्व बताया। कहा कि एक लोटा जल सभी समस्याओं का हल है। भगवान शिव का स्मरण से सारे दुःखों का अंत करना चाहिए। 1 विश्वपत्र कमलदल 1 लोटा जल रोचना महादेव के ऊपर मंत्रोच्चार गंध

का उच्चारण करके घरों, सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। शिव की कृपा से जीवन और मृत्यु दोनों सुधरती है। कथा के पहले दिन शिवजी का अभिषेक किया गया। श्री शिवमहापुराण कथा सुनने का महत्व बताया गया। उन्होंने शिव पाठ करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी जीवन में अच्छे संस्कार से दूर होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में संस्कारों को बनाए रखना एवाम के साथ एक बड़ी चुनौती है।

जनसुनवाई आयोजित,60 आवेदकों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए

डीआर संवाददाता» सीहोर

सालेगढ़ सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना डाबर ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में दिसंबर से कुल 60 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय से साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा, अमली विवाद, मेड़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम श्री तरुण दर्ड सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक कलेक्टर ने विकासखंड वार स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

अस्पतालों में व्यवस्था बेहतर हो और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में विकासखंडवार स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में दवाओं की उपलब्धता, डिस्प्लेन्स जांच सुविधाओं, ओपीडी व्यवस्था और अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही सेवाओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवाएं पर्याप्त

मात्रा में उपलब्ध रहें और जांच सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो। ओपीडी व्यवस्था को और बेहतर बनाते हुए मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने कार्यों में तत्परता लाएं। ग्रामीण (कर्मचारी) महिलाओं की नियमित ट्रेनिंग कराई जाए, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो सके। गर्भवती महिला की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य अमले से कहा कि किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई, बेहतर की व्यवस्था, रेफरल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने पर भी जोर दिया। ओपी के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दोनों मरीजों की सहायता, उपचार और कॉलेजों में लापरवाही न बरती जाए और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीएमएचओ समीर रोहरिया सहित चिकित्सक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

विशेष शिविरों जनसुनवाई का आयोजन किया

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत "प्रशासन गांव की ओर" अभियान के तहत कलेक्टर श्री बालागुरु के एवं जिला पंचायतसर्जना डाबर के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और स्थानीय स्तर पर समाधान करना रहा।

विशेष शिविरों में राजस्व, पंचायत, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर निराकरण किया गया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौष कृष्ण पक्ष,05- 2082 | सीहोर, दिन बुधवार,दिनांक 24 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

26 को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

सीहोर। प्रदेश में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संदेश में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिये प्रेरित करना है।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती एवं राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गणित पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर प्रदर्शनी, रंगोली, कोलाज, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सायंकालीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल द्वारा दूरवाणी उज्जैन में स्थापित जवाहरलाल नेहरू तारामंडल में अपोलिस राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबोधन दिया गया।

राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

जावर। शासकीय सादीपनि विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत किए। इनमें गणित के महत्व और दैनिक जीवन में इसके उपयोग को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। गणित प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने मॉडल, चार्ट, प्रोजेक्ट फाइल, रंगोली और लेटिंग के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने गणित विषय के प्रति अपनी रुचि और समझ का परिचय दिया। इस अवसर पर मंजू, श्वेता साहू, हेमलता, सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

साइबर जागरूकता शिविर

बिलकिसगंज। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए, जिला ई-गवर्नेंस के मार्गदर्शन में सीएससी एकेडमी बिलकिसगंज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जागरूक को साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का कार्य हम सब का अब तक हुआ विकास जनता को समर्पित: गोपालसिंह

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा भारत रत्न अटलजी के सपनों को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं

डीआर संवाददाता>> सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय गोयल धाम गार्डन में भाजपा ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 5 हजार 400 करोड़ के विकास के कार्य एवं हितग्राहियों को उनके घरों में योजनाओं के लाभ की राशि पहुंचा कर इतिहास रचा है। ये इस विकास को आप सभी को समर्पित करता हूं क्योंकि वहां सब के आशीर्वाद से आपने मुझे विधायक बना कर आप सब की सेवा की सेवा का अवसर प्रदान किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र में जनसे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की दो साल वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, पीएम आवास योजना, लाडली बहना मिशन, सेवा इस विधायक के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण हुए है। दो वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में हमने 5 हजार 400 करोड़ के विकास के कार्य एवं हितग्राहियों को उनके घरों में योजनाओं के लाभ की राशि पहुंचा कर इतिहास रचा है। मैं इस विकास को आप सभी को समर्पित करता हूं क्योंकि वहां सब के आशीर्वाद से आपने मुझे विधायक बना कर आप सब की सेवा की सेवा का अवसर प्रदान किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जनसे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की दो दो वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, पीएम आवास योजना, लाडली बहना मिशन, योजनाओं को जमीन पर लाया है, इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद निधि, विधायक निधि, सांसद आदर्श ग्राम योजना, उद्यानिकी, खाद्य व नागरिक आपूर्ति योजना, लघुवनोपज, लोकनिर्माण, मंडी निर्माण सहित अन्य सभी विकास कार्यों को स्वीकृत करा कर एक विकास का कीर्तिमान क्षेत्र में इतिहास लिखा है। पिछले 2 साल पिछले तीन एवं सुशासन के दो नोडल अधिकारी इंजीनियर ने बताया की सभी योजनाओं और क्षेत्रों में मूल लक्ष्य 5,40,000 लाख अर्थात 5,400 करोड़ रुपये के आवंटन के वर्ष एवं विकास कार्य दो वर्ष में हुए हैं।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने दो वर्ष में कांग्रेस के अधूरे कार्य पूरे किए, विकास, महिला और युवा केंद्रित योजनाओं को जमीन पर लाया है, इसमें प्रधानमंत्री आवेदनशीलता को नई पहचान दी है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में विकास की नई परिभाषा प्रस्तुत की है। भाजपा सरकार अपने कार्यों में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता की प्रतीक बन चुकी है। भाजपा सीहोर जिले के अध्यक्ष महेश पिपरिया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अद्वितीय और अकल्पनीय विकास कार्य किए हैं, उसे जन-जन तक पहुंचाना है। पिपरिया ने कहा कि बात वर्ष देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, जिसे पूरे से सम्मान और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा आज जो जो जन्मदिन को लेकर उत्सव स्मृति दिवस मनाया गया है। अटल जी ने नई पहचान देश को देकर गए थे जिसमें, हमें गर्व है कि वे हम के थे। उनका व्यक्तित्व कृतित्व हम सब के लिये प्रेरणादायी है। आज भी बातों से जो भाषा गूंजता है जिसे हम सुनते थे। अटलबिहारी कौन था? वे इतिहास बनाकर चले गए हैं, अटल जी भारत के गौरव गिरा थे। जन उनकी कूट स्तर तक मजबूत है। आज अटल जी के सपनों को नरेन्द्र मोदी जी की सरकार साकार कर रही है। पिपरिया ने पत्रकारों परिक्षेत्र कर के उन्होंने देश और विदेश को यह दिखा दिया कि वे ना डरते हैं और ना ही झुकते हैं और न ही किसी के दबाव में काम करते हैं। उन्होंने कहा था। अंबेस छोटेगा, कमल खिलेगा।को रूप कवित हुआ है। मात्र में जो कार्य योजनाएं, विकासजनित जो जीवन में बुरा की उनके मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगे बढ़ा रहे हैं। महेश पिपरिया ने कहा कि हमने राम मंदिर निर्माण, 370 हटाने समान नागरिक संहिता लागू करेंगे जो जो वादा किया उसे पूरा किया है। सम्मेलन को जिला संगठन प्रभारी राजेश, नगर आष्टा के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज्ञिका मेहता ने भी संबोधित करते हुए सम्मेलन द्वारा कराये गये विकास के कार्यों पर प्रकाश डाला।

हम्माल और तुलावटी संघ ने किया अनिश्चितकालीन बहिष्कार

डीआर संवाददाता>> नैलंखा

सम्मेलन-तुलावटी मजदूर संघ नैलंखा द्वारा अनिश्चितकालीन बहिष्कार की घोषणा के बाद मुख्य कृषि उपज मंडी नैलंखा में कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थित व्यवस्था के कारण शाम को मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। इसके बाद पुलिस ने मजदूरों को सड़कों से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। मिली जानकारी के अनुसार संघ से जुड़े लगभग हम्माल और तुलावटी मजदूर 24 दिसम्बर 2025 से अनिश्चितकालीन

अवधि तक सौंप कार्य का बहिष्कार करेंगे। सौंप कार्य नहीं होने के कारण मंडी में नीलामी और खरीद-फरोख्त संभव नहीं होने पर मंडी समितियां अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया।

मजदूर संघ की प्रमुख मांग है कि स्टेट कमेटी से जो मांग हुआ जाता है, उसकी राशि का वितरण मुनाफा किया जाए। कई सालों से मजदूरों की भूमिका के बावजूद उन्हें मुनाफा नहीं दिया जा रहा है। इसी कारण संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है।

बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास होगा:

मंडी प्रशासन नैलंखा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और मजदूर संघ के साथ बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। यदि दोनों पक्षों में सहमति बनती है, तो मंडी में जल्द फिर से नीलामी शुरू होगी। नीलामी

जाम की स्थिति बनी।

स्थगित होने से किसानों के साथ-साथ व्यापारियों, परिवहन और मंडी से जुड़े अन्य लोगों पर भी असर पड़ सकता है। जब सभी की निगाहें मंडी प्रशासन और हम्माल-तुलावटी संघ के बीच होने वाली बातों पर टिकी हुई हैं।

ग्रामीणों ने तेंदुआ को रातभर पटाखे फोड़कर खदेड़ने का प्रयास किया

डीआर संवाददाता>> इछावर

जिले की इछावर तहसील के सीतापाठ गांव में देर रात हल्लाबोल मच गया। यहां खेतों में काम कर रहे किसानों को एक जंगली जानवर दिखाई दिया, जिसे तेंदुआ या बाघ बताया जा रहा है।

जंगली जानवर की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और उन्होंने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी।

इन दिनों किसान फसलों की देखभाल और सोयी के काम में लगे हैं। इसी दौरान उन्हें यह जानवर घूमता हुआ दिखाई दिया।

सुबह-शाम खेतों पर जा रहे कुछ सतर्क किसानों ने अपने मोबाइल से उसकी तस्वीरें भी ले ली और वन विभाग के अधिकारियों को भेज दीं।

पटाखे फोड़कर भगाने की कोशिश

सूचना मिलते ही वन विभाग के रेंजर अमरीश सेन के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की और आसपास के क्षेत्रों में गश्ती शुरू कर दी है। विभाग की कोशिश है कि जानवर को जंगल की ओर खदेड़ा जा सके। वहीं, ग्रामीणों ने भी अपनी सुरक्षा के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने तेंदुआ और बाघ को पटाखे फोड़कर जानवर को डराकर वापस जंगल की ओर भगाने की कोशिश की।

बस स्टैंड के पास अतिक्रमण से जनता परेशान, प्रशासन मौन

डीआर संवाददाता>> नैलंखा

नगर के बस स्टैंड के समीप अवैध कब्जों पर तथा विक्रेताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण से आवागमन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे दुकानें की दुकानें लगने के कारण यहां पैदल चलना जान की हथेली पर रखने जैसा हो गया है। विशेषकर छात्राओं, बुजुर्गों और बस यात्रियों को अतिक्रमणकारी से गुजरना पड़ता है। सुबह करीब 7 बजे से रात 9 बजे तक नौकाड़े पर लगातार यातायात बाधित रहता है। इस कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरी और बस से बाहर जाने वाले यात्रियों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ती है। इसी मार्ग पर स्थित पशु चिकित्सालय तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। पशुओं को इलाज के लिए लाने वाले लोगों को जाम के कारण समय पर चिकित्सालय नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे उपचार में देरी हो रही है।

सामुदायिक अस्पताल विवादों में घिरा: नर्सिंग ऑफिसर पल्लवी और जनप्रतिनिधि आए

डीआर संवाददाता>> जावर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा अपने समर्थकों के साथ अस्पताल में आकर नर्सिंग ऑफिसर कुमारी पल्लवी तुरमी के साथ जो दर्शित देकर ममता कर मामूली विवाद को बड़ा रूप देकर विवाद को बढ़ा दिया। जिसके कारण नर्सिंग ऑफिसर द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। उसके समर्थन में अस्पताल में पदस्थ अन्य नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सक व स्टाफ स्टाफ नर्सिंग ऑफिसर के संघ में सामुदायिक हड़ताल या सामुदायिक त्यागपत्र देने की तैयारी में है। उक्त घटनाक्रम अर्थात पीआरओ के विवादों वजह से जावर अस्पताल में अन्य दिन मोबाइल का हंगामा होता रहता है। गिर्जेश ठाकुर नगर मंडल अध्यक्ष जावर, नगर परिषद् अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज मैत्री व भाजपा कार्यकर्ता, पार्षदगण पिछले कई अस्पताल के समस्त चिकित्सक व कर्मचारियों को धमकाते रहते है। जिससे अस्पताल में कार्य करने वाले स्टाफ को असुरक्षा की भावना महसूस होती है, अगर अस्पताल में इन नेताओं की अगवानी सुरक्षा और अगवानी की जाती तो यह दिन दूर नहीं जब अस्पताल के समस्त चिकित्सक व मानस स्टाफ इस माहौल में कार्य करना बंद कर दें। जिसकी वजह से अस्पताल का पूरा स्टाफ सामुदायिक हड़ताल या सामुदायिक त्यागपत्र दे सकते है। डा दीपांशु बावरी ने आरोप लगाया है कि नगर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज मैत्री व कुछ पार्षदों द्वारा चिकित्सकों और कर्मचारियों पर वीआईपी ट्रीटमेंट करने का दबाव बनाया जाता रहा है। उनके समर्थन में अस्पताल में पदस्थ अन्य नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सक एवं स्टाफ द्वारा हड़ताल या सामुहिक इस्तीफे पर भी विचार किया जा रहा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी डॉ दीपांशु बावरी का कहना है कि जाए दिन भाजपा कार्यकर्ता हमें प्रताड़ित करते रहते हैं और हमारे स्टाफ पर दबाव बनाते हैं।

निर्माण का अफसरों ने किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता>> जावर

नगर के वार्ड क्रमांक 3 में बनाए जा रहे हैं नए श्मशान घाट निर्माण कार्य में तेज रहे फेर स्लॉब किचिंग कार्य का निरीक्षण सीएमओ इंजीनियर कुमार लोनी ने किया। ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य के निर्देश दिए गए। बता दें कि नगर परिषद निरंतर विकास की ओर प्रगतिरत है। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कनाना, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज मेव, कुमैर सिंह ठाकुर, प्रदीप मेव, मुख्तयार खान, ठेकेदार जसेरा, मंडल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

कथा शुभारंभ शोभायात्रा के साथ शहर में नानीबाई की मायरो की कथा शुभारंभ

भक्त नरसिंह के बाल जीवन, भगवान शिव, कृष्ण प्रसंग और नानीबाई को मायरो की कथा सुनाई

डीआर संवाददाता>> सीहोर

शहर के छावनी स्थित श्री कुटिया गार्डन में मंगलवार से नानीबाई को मायरो कथा शुरू हुई। कथा के शुभारंभ अवसर पर बड़ा बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर कुटिया परिवार से बड़ी संख्या में श्रोताओं ने यात्रा में शामिल पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पहले दिन भक्त नरसिंह के पूर्व जन्म की कथा का वाचन पंडित त्रिवेदी ने किया। इससे पहले दोपहर बारह बजे शोभायात्रा निकाली गई, जो लक्ष्मीबाग में आकर समाप्त हुई। तीन – दिवसीय कथा का समापन 26 दिसंबर को होगा। इस बीच भक्त नरसिंह के बाल जीवन, शिव, कृष्ण प्रसंग, नानीबाई को मायरो की कथा के प्रसंग होंगे। कथा दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक होगा।

जहां पर भी सत्संग हो, वहां कुछ समय देना चाहिए

कथा को लेकर महिलाओं में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुटिया परिवार के द्वारा यह तीसरा मौका है। सत्संग का वातावरण हम एक साथ समुहिक रूप से भक्ति भाव से ईश्वर की प्रार्थना करें। जहां भी सत्संग हो, कुछ समय देना चाहिए। मानव जीवन को नवचरण की संज्ञा लगाना चाहिए और सांझा-सहूह पुण्य दान भी करते रहना चाहिए। इससे मानव जीवन का उद्धार हो सके और सभी का कल्याण हो। है पर में

भक्ति का मार्ग बताती है भागवत कथा

पंडित त्रिवेदी ने कहा कि सिर्फ भगवान का नाम ही मनुष्य को संकटों से उबारकर सीधे की ओर अग्रसर करता है। मान अगर सच्चे मन से ईश्वर की उपासना करता है, तो ईश्वर उसकी मनोकामना पूरी करने पर मजबूर हो जाता है। अन्यथा में सिर्फ ईश्वर का नाम लेने से मनुष्य के सारे कष्ट खत्म हो जाते हैं। कहा कि भागवत पुराण जैसी धार्मिक कथाएं मनुष्य के जीवन में सकारात्मकता का प्रवाह करते हुए उसे सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती।

11 जनवरी को जावर में होगा हिंदू सम्मेलन, तैयारियां तेज

डीआर संवाददाता>> जावर

नगर में 11 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर सोमवार शाम श्रीराम मंदिर में सकल हिंदू समाज की बैठक हुई। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। लोगों ने अपने विचार भी रखे। श्रीराम मंदिर प्रांगण में भव्य स्थापना हो चुकी है। सम्मेलन के अध्यक्ष राजू भावरकर ने बताया, संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर देशभर में कार्यक्रम हो रहे हैं।

इसी क्रम में कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हर मंडल और बस्ती में सम्मेलन होंगे। गांव-गांव में तैयारियां चल रही हैं। नगर में वर्षों बाद हिंदू सम्मेलन हो रहा है। इसे लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। बैठक में सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाबू सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को सम्मेलन की जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में सकल हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

पौष कृष्ण पक्ष-05,2082

विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 24 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

देहात थाना पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग को खोजा

विदिशा। थाना सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 वर्षीय नाबालिग बालिका की कुछ ही घंटों में खोजकर परिजनों सौंप दिया। 22 दिसंबर को थाना क्षेत्रवासी क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय बालिका के गुम होने की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस ने मनोवैज्ञानिक दिखाते हुए अपहरण गंभीरता होने से पहले ही विशेष टीम तैयार कर सक्रिय शुरू की पुलिस ने सजगता और सक्रियता से उसी दिन बालिका को सुरक्षित खोज निकाला गया। बालिकाको परिजनों को सौंप दिया गया है।

संजय प्रदेश संयोजक महामंत्री

विदिशा। ज्वेलर्स कोलाबोरेट बेलकंपनी एसोसिएशन में विदिशा सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सोनी को प्रदेश संघ नियुक्त किया गया है। हजेल सोनी खुशाल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य के रूप राजेश सराफ, कमेश वर्मा, रोहित अग्रवाल को चुना गया। प्रदेश संगठन में प्रतिष्ठित मिलने से विदा के सर्राफा वरिष्ठ पदाधिकारियों की मनमोहन अग्रवाल, हीरालाल बंसी, राजेन्द्र स्वर्णकार, संजीव भंडारी, दीपक सोनी, पवन जैन, हरेश सोनी, सुनेन्द्र सोनी, रमेश सोनी, लोकेश चौधरी, मुकेशसाहपाल, देव सर्राफा, मनीष अग्रवाल, रामदेश सोनी धनश्याम आचार्य, अंसुल लश्करी ने बधाई दी है।

तहसी व विमित का कलेक्टर ने किया सम्मान

विदिशा। भारतीय वायु सेना में फ्लाईंग अफिसर के पद पर चयनित तहसी श्रीवास्तव एवं विमित रघुवंशी का अंशुल गुप्त ने कलेक्ट्रेट में अभिनंदन किया। उन्होंने दोनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदिशा के दावों के लिए रोल मॉडल बताया। कलेक्टर ने छात्रों को सेना प्रशासनिक सेवाओं में चयन की चुनौतियों से अवगत कराने का आवाह किया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ द्वारा सम्मान जिसमें संघ के जिला व संभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

नवोदय में रजत जयंती एलुमनाई मीट आयोजित

शमशाबाद। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय भव्य एलुमनाई मीट एवं पूर्व छात्र-शिक्षक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1999-2000 बैच सहित विभिन्न वर्षों के 300 से अधिक पूर्वछात्र और शिक्षक सम्मिलित हुए। अकादमिक सत्र में लगभग 80 पूर्व छात्रों ने अपनी स्मृतियाँ साझा की, वहीं खेल-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक भोजन ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शिक्षा, प्रशासन और चिकित्सा क्षेत्र में सार्थक कार्य में लीन छात्र नीलूदा से। पूर्वछात्रों ने अपने अनुभव साझा कर वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

पवराय के विरोध में श्रद्धालुओं ने सौंपा ज्ञापन

विदिशा। मोहनगिरि मात नगेश्वर के आस्थाएं रहने वाले लोगों ने मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी समस्या को लेकर मुलाकात की। संवाददाताओं से कहना है कि 7 दिन बाद गणेश मंदिर निर्माण के दौरान विवाद हुआ था, जिसमें पथराव की घटना भी सामने आई, लेकिन अब एक समाधान नहीं हो सका है।

एसआईआर 2026 की प्रक्रिया के बाद 22 जनवरी तक कर सकते हैं दावे-आपत्तियां

जिले में मतदान केंद्रों की संख्या 1347 से बढ़कर 1448 हो गई है

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर 2026 की प्रक्रिया के बाद मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए द्वारा नए मतदाताओं का स्वागत प्रस्तुत किया। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दावे आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो 22 जनवरी तक चलेगी।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बैठक सभागार में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एडीएम अनिल कुमार डामोर, उप निर्वाचन अधिकारी अनुपम जैन मौजूद रहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 101 नवीन मतदान केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही जिले में मतदान केंद्रों की संख्या 1347 से बढ़कर 1448 हो गई है। इनमें शहरी क्षेत्र में 302 और ग्रामीण क्षेत्र में 1146 मतदान केंद्र शामिल हैं। सभी नए केंद्रों के लिए सर्वमित ईआरओ द्वारा बीएलओ की नियुक्ति कर दी गई है। एसआईआर 2026 के दौरान अब तक जिले में कुल 68 हजार 63 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। इसमें सर्वाधिक 19 हजार 75 नाम विदिशा विधानसभा क्षेत्र से हटाए गए हैं। इसके अलावा शादीशुदा में 11 हजार 739, कुरवाई में 12 हजार 388, सिरोंज में 14 हजार 417 तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 12 हजार 234 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। जिले का जेंडर रेशो 900 तथा ईपीआर रेशो 99.69 दर्शाया है।

कुल किलोमीटर मतदाता और किलोमीटर की संख्या नहीं

दिसंबर में 16 हजार 502 नाम ऐसे हैं जिनकी सेगिंग नहीं हो सकी है ऐसे वोटरों को 13 दस्तावेजों में कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

13 हजार से अधिक है मृत वोटरों की संख्या

पुनरीक्षण के दौरान मृत मतदाताओं की संख्या 13 हजार 864, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 40 हजार 394, अनुपस्थित पाए गए मतदाता 11 हजार 77 तथा दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाता 2 हजार 459 पाए गए हैं। अन्य कारणों से 269 मतदाता चिन्हित किए गए हैं। जिले के कुल 11 लाख 20 हजार 532 मतदाताओं में से 10 लाख 52 हजार 449 का वैरिफाई द्वारा सत्यापन किया जा चुका है, जबकि वैरिफाई मतदाताओं की संख्या 15 हजार 602 है।

12 हजार 270 मतदाता पहली बार डालेंगे वोट

उप निर्वाचन अधिकारी अनुपम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलेभर में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10 हजार 176 है। वहीं पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाता की उम्र 18 से 19 वर्ष की उनकी संख्या 12 हजार 270 नए मतदाता जुड़े हैं, जबकि 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता 2 लाख 72 हजार 917 हैं। जिलेभर में 85 साल से अधिक आयु के 7 हजार 505 तथा 399 सर्विस मतदाता भी सूची में शामिल हैं।

अचानक धुआं उठा तो उतर गए यात्री धुआं छंटते ही चालक ने दौड़ा दी बस

डीआर संवाददाता ▶▶ सिरोंज।

बीच में खड़ी बसों की हालत बेहद खराब हो गई है। मंगलवार दोपहर थाने के पास खड़ी एक यात्री बस से अचानक इतना धुआं निकला कि उसमें बैठे कई यात्री घबरा गए। सभी यात्री तुरंत बस से बाहर आ गए। धुआं छंटने का इंतजार करने लगे। इसके बाद बस स्टाफ ने बिना किसी की परवाह किए यात्रियों को फिर से बस में बैठाया और बस को रवाना कर दिया।

यह घटना स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बन गई। दो दिन पहले भी सिरोंज से भोपाल जा रही एक बस के पहियों में आग लग गई थी। उस समय भी यात्रियों को बस से उतरना पड़ा था। हाल बता रहे हैं कि दोनों मामलों में बस चालकों पर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। यातायात निरीक्षक विदिशा पांचेला ने बताया कि दोनों बसों के दस्तावेजों की जांच की गई। सभी दस्तावेज सही पाए गए। मंगलवार की बस स्टैंड पर ब्रेक्स की जांच भी गई। सभी बस चालकों को नोटिस भी दिए गए हैं।

जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का हो रहा निराकरण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 125 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यथाएं की और ध्यान आकर्षित कराया है।

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष स्थित जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर समेत अन्य अधिकारियों के द्वारा आवेदकों से आवेदन प्राप्ति के उपरांत 63 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए है।

विहिप बजरंग दल ने पुतला दहन किया

कन्नाई। बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर आयोजन एवं निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बीना तिराहे पर जिहादी आतंकवादियों का पुतला दहन किया। विभागीय के पदाधिकारियों ने कहा कि पड़ोसी देशों में जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं।

किसानों ने मंडी तो व्यापारियों ने चौराहे पर लगाया जाम, रास्ते से निकले पर वकील से झगड़ा

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

मंगलवार दोपहर नवीन कृषि उपज मंडी में किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसके बाद दोनों वहीं पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने मंडी के बाहर धरना दिया, वहीं व्यापारियों ने शहर के मुख्य चार रास्ते चौराहे पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात की रफ्तार अवरुद्ध हो गई। इसी दौरान मार्ग से निकलने पर वकील के साथ व्यापारियों का झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा की मामला थाने तक पहुंचा और दोनों पक्षों के अलग-अलग मांग जिलेवार विकास मंत्रालय में इसी मुद्दे ने विकास मंडी के बाहर धरने पर बैठ गए।

व्यापारियों का कहना है कि किसानों ने उनकी सारी मर्यादाओं और मंडी शुल्क को दरकिनार कर दिया। व्यापारियों ने नीलामी के दौरान खुद को असुरक्षित महसूस करने की बात कही। मामले व्यापारी लगे चार चौराहे पर इकट्ठा हुए और सारी मार्ग बंद कर धरने पर बैठ गए। प्रशासन को व्यापारियों के धरने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

दो बच्चियों से अश्लील हरकत करने पर युवक की पिटाई

सिरोंज। सिरोंज में एक युवक ने दो नाबालिग बच्चियों से अश्लील हरकत की। इस लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ग्रामवासियों के मुताबिक, आरोपी आरोप अहिरवार ने बच्ची की दो नाबालिग बच्चियों (एक 5 साल और 7 साल) को अपना निशाना बनाया। वह दोनों को चॉकलेट दिलाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उनके साथ आपत्तिजनक हरकतें करने लगा।

बी.पी.एल बस्ती के सूने इलाके की ओर उसे ले जाते देख एक युवक की नजर उस पर पड़ गई। जब लोगों ने उससे पूछताछ की, तो उसकी करतूत सामने आ गई।

विदिशा में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित अत्याचारों और हत्याओं के विरोध में मंगलवार को विदिशा में विशेष प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शाकवनगंज चौराहे पर एकत्र होकर बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही लगातार हिंसा और अत्याचार की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। उनका कहना था कि हत्याएं, मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं और अन्य हिंसक वारदातें अस्वीकार्य हैं, जिन पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि इस मुद्दे पर कड़े और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

बांग्लादेश में हिंदुओं को बनाया जा रहा है निशाना

बजरंग दल के जिला संयोजक राज सिंह ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टर मानसिकता के लोगों द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मंदिरों के साथ-साथ पूजाघरों पर भी हमले हो रहे हैं। राज सिंह ने साल की ने एक हिंदू युवक की कथित निर्मम हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी घटना के विरोध में पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मांग की कि बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जागरूकता

कोहरे में लापरवाही बन सकती है जानलेवा

यातायात नियमों का पालन करने सुरक्षा की गारंटी, यातायात पुलिस

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

घाल यातायात नियमों की अनदेखी केवल चालान तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह मासूम जानों की कीमत भी वसूल करती है। सवाल सिर्फ पुलिस कार्रवाई का नहीं, बल्कि उन सैकड़ों मौतों और उजड़ते परिवारों का है, जो सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण की गई छोटी सी चूक किसी की पूरी जिंदगी छीन सकती है।

एसपी रोहित कवशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डी. प्रसाद चौबे के मार्गदर्शन तथा यातायात थाना प्रभारी आशीष राय के नेतृत्व में विदिशा पुलिस द्वारा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों के लिए विशेष यातायात एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में रात एवं सुबह के समय अत्यधिक कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में वाहन चालक सामने चल रहे वाहन, पैदल यात्री, साइकिल सवार, पशु या अचानक आने वाले अवरोध को समय पर नहीं देख पाते, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

वाहनों से दूरी बनाकर चलें वाहन की स्पीड कम रखें ध्यान विदिशा पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं और आगे-पीछे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। हेडलाइट, टेल लाइट एवं फॉग लाइट का आवश्यक रूप से उपयोग करें तथा हाई बीम लाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य पहनें। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, नशे में सड़क वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से पूर्णतः बचने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आपकी सतर्कता ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा है। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

वकील से मारपीट का विरोध

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

राजकीय अभिभाषक संघ ने एक कॉल लाइट का आविष्कार कर के उपयोग करें तथा हाई बीम लाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य पहनें। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, नशे में सड़क वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से पूर्णतः बचने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आपकी सतर्कता ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा है। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

राजकीय अभिभाषक संघ ने एक कॉल लाइट का आविष्कार कर के उपयोग करें तथा हाई बीम लाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य पहनें। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, नशे में सड़क वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से पूर्णतः बचने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आपकी सतर्कता ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा है। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

राजकीय अभिभाषक संघ ने एक कॉल लाइट का आविष्कार कर के उपयोग करें तथा हाई बीम लाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य पहनें। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, नशे में सड़क वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से पूर्णतः बचने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आपकी सतर्कता ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा है। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

पौष कृष्ण पक्ष-05,2082

राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 24 दिसंबर,2025

न्यूज गैलरी

25 को होगा पूर्व पीएम की प्रतिमा का अनावरण

ब्यावरा। शहर के पीपल चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का लगाई गई है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। मंगलवार शाम को नया हाल्ट ब्रीज की मरम्मत की प्रतिमा को पीपल चौराहे पर रखवा दिया है। शाम को मंत्री नारायण सिंह पंवार हाल निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों का आवागमन लिया गया। सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। मंगलवार को प्रतिमा को पीपल चौराहे पर रखवा दिया है।

जगराता, भजन संध्या आज

नरसिंहगढ़। मां वैष्णो देवी जगराता और खाटू श्याम जी भजन संध्या बुधवार रात को बड़ा बेसरिया रोड स्थित शक्ति एवो इंडस्ट्रीज में होगी। आयोजकों ने बताया कि शाम 8:30 बजे से कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। यह आयोजन सीहोर के प्रथम कारीगर शोभाराम विश्वकर्मा (बाबे उस्ताद) की स्मृति में उनके बेटे नरेंद्र विश्वकर्मा करवा रहे हैं। कार्यक्रम में इंदौर के भजन गायक विपिन एल गायकेय और भजनीकाबाद भोपाल की भजन गायिकाएं श्वेता तिवारी, श्रद्धा तिवारी भजनों की प्रस्तुतियां देंगी।

26 दिसंबर को मनाया जायेगा वीर बाल दिवस

गुना प्रदेश में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर स्कूलों में आयु समूह के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें चित्रकारी, स्टेटिंग, सोल नेरेटिविटी, कहानी सुनना, निबंध लेखन, कविताएं, गाय-विवाद और डिजिटल प्रतियोगिता शामिल हैं। इनके लिये जो विषय तय किये गये हैं, उनमें साहू निर्माण में बच्चों की भूमिका, विकसित भारत के लिये मेरा दृष्टिकोण, विकसित भारत बनाने में बच्चों की भूमिका, विकसित भारत को आकार देने में बच्चों की भूमिका, साहस और करुणा, एक नायक तय बनाता है इत्यादि शामिल हैं।

होटल-ढाबों पर बैठकर पिला रहे थे शराब

गुना शहर में संचालित हो रहे कई ढाबे और होटल संचालक अवैध रूप से शराब पिला रहे हैं। आबकारी विभाग को भी इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में सोमवार की रात टीम ने कई जगहों पर दबिश दी। गुना वृत्त प्रभारी शाहकिशन अहिरवार ने जानकारी पर जांच की तो यहां पर लोग शराब पीते हुए नजर आए।

मृगवास में सड़क हादसे में महिला की मौत

गुना। जिले के गुनावा इलाके में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वह अपने बेटे के साथ बैनर बेटी को देखने जा रही थी। तभी सड़क पर पड़े गोबर पर बाइक फिसल गई। हादसे में मुकेश की मौत हो गया। जिला अस्पताल में महिला के शव का पोस्टमार्टम किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृगवास थाना इलाके के गोलमपुरा गांव की रहने वाली 55 वर्षीय हरबाई मीना सोमवार शाम अपने बेटे के साथ बाइक पर पीछे बैठकर अपनी बेटी को देखने के लिए सुभाष इलाके के कोल्हुपुरा जा रही थी। बेटा बाइक चला रहा था, पीछे महिला का नाती बैठा था और सबसे पीछे खुद महिला बैठकर जा रही थी।

सोयाबीन दाम **दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को कृषि उपज मंडी खुली**

सोयाबीन के 4600 रुपए क्विंटल दाम पहुंचें ,200 रुपए क्विंटल दाम बढ़ने से किसानों के चेहरे खिलें

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को कृषि उपज मंडी खुली। अनाज बेचने किसान मंडी में पहुंचने लगे थे। मंगलवार सुबह से ही किसानों के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो कि दोपहर तक चलता रहा। नीलामी के दौरान सोयाबीन के 4600 रुपए क्विंटल दाम पहुंचने से आवक बढ़ गई। दिनभर में 4905 क्विंटल अनाज की हुई। उसमें 2403 क्विंटल सोयाबीन किसानों ने बेचा। मंडी में पिछले सप्ताह तक 4400-4500 रुपए क्विंटल दाम चल रहे थे। मंगलवार को मंडी खुलते ही 200 रुपए क्विंटल दाम बढ़ने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। मंडी सचिव अशोक ठाकुर ने बताया कि दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को मंडी खुली। सोयाबीन के दाम बढ़ने से आवक बढ़ती जा रही है। आगे वाले दिनों में भी इसी तरह आवक बढ़ने संभावना है। के लिए एक दिन पहले सोमवार

शाम से दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को खुली मंडी, 4800 क्विंटल से अधिक अनाज की आवक

उपज मंडी में प्याज की नीलामी नहीं होने के बाद भी बढ़ी अनाज की आवक

कृषि उपज मंडी में हर सप्ताह मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को प्याज की नीलामी की जाती थी। एक दिन में एक-डेढ़ हजार क्विंटल प्याज की आवक होती थी। तीनों दिन में लगभग 5 हजार क्विंटल से अधिक प्याज मंडी में बिकने आती थी। पिछले हफ्ते बुधवार को मंडी में किसान और व्यापारियों के बीच इस सप्ताह प्याज की नीलामी तीन दिन बंद कर दी है। उसके बाद भी अनाज की आवक बढ़ती जा रही है। पिछले हफ्ते प्याज की आवक होने के बाद भी 4-5 हजार क्विंटल आवक बिकने आ रहा था। मंगलवार को प्याज की नीलामी नहीं होने के बाद भी लगभग 4400 क्विंटल से अधिक आवक हो रही है।

कृषि उपज मंडी में अनाज बेचने आए निकनिया निवासी किसान सुरेश निजारा, घोटा निवासी किसान महेश बांगी और बैलास निवासी किसान नर्वदा सिंग ने बताया कि मंडी में सोयाबीन बेचने आए थे। मंगलवार को मंडी खुलते ही सोयाबीन 4600 रुपए से अधिक दाम पर नीलामी हुई। किसानों का कहना है सोयाबीन की कटाई के साथ किसान मंडी में मंगलवार को मंडी खुलते ही 4600 रुपए क्विंटल से अधिक सोयाबीन के साथ पहुंच गए हैं। किसानों को दाम बढ़ने की आवक बढ़ने लगी है। मंडी के अधिकारियों का कहना है कि आगे वाले दिनों में इसी तरह दाम रहने से आवक दोगुनी हो

4200-4300 रुपए क्विंटल दाम चल रहे थे। भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी होने से अधिकतम 4500 रुपए क्विंटल दाम चल रहे थे। इधर-दूसरा किसानों का सोयाबीन अधिक दामों पर बिक जाता था। अगर इससे पहले सोयाबीन के दामों में बढ़ोतरी होती तो अधिक किसानों को फायदा हो जाता।

सोयाबीन के दाम बढ़ने से दोगुनी होनी आवक सकती है। किसानों का कहना है कि भावांतर योजना के तहत सोयाबीन के 5328 रुपए दाम है। 4000 रुपए क्विंटल से अधिक नॉर्मल रेट चल रहे है। अगर सोयाबीन के दाम यहीं रहेंगे तो बिना पेमेंट वाले किसानों को भी फायदा होगा।

दो भाइयों की आत्महत्या मामले में राजीनामे का दबाव बनाने का आरोप

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

अशोकनगर में सटोरिया आजाद खान के पार्षद भाई रशिद खान विन्नू और उसके ड्राइवर सोनू खान के खिलाफ मंगलवार को कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर दो भाइयों की आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दर्ज एफआईआर समझौता लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने मृतकों के परिजनों को डराया-धमकाया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान ने बताया कि 11 दिसंबर की रात रशिद खान विन्नू और उसका ड्राइवर सोनू खान एक जीप से मृतकों के परिजनों की दुकान पर पहुंचे थे।

यहां उन्होंने परिजनों को धमकाते हुए मामले में राजीनामा करने को कहा। पीड़ितों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच की और अब एफआईआर दर्ज कर ली है।

यह है पूरा मामला . .

यह मामला गंगाकिशोर सोनी और रामेश्वर सोनी नामक दो भाइयों की आत्महत्या से जुड़ा है। कुछ महीने पहले उन्होंने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने आकर जान दे दी थी। इस संबंध में देवास थाने में सटोरिया आजाद खान के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था।

आजाद खान को कुछ दिनों पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रशासन ने आरोपी आजाद खान का पिस्टल लाइसेंस भी रद्द कर दिया है। इसके अतिरिक्त, उसकी मां के नाम पर खोखरा गांव के पास स्थित स्वर्ण हाउस पर बनी एक बिल्डिंग और बाउंड्री वॉल को सड़क से निर्धारित दूरी में न होने के कारण जेसीबी से तोड़ दिया गया था।

कुंडीबेह देश का पहला 24 घंटे नलजल वाला गांव

डीआर संवाददाता ✍ मंचलपुर

जिले की ग्राम पंचायत कुंडीबेह देश का पहला ऐसा गांव बन गया है, जहां हर घर 24 घंटे नल से जल की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मंगलवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल आपूर्ति विकास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कालभा लोकगीतों से हुई, जिनमें जल का महत्व और शामील जीवन में पानी की भूमिका को दर्शाया गया।कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, विधायक राजगढ़ अजय सिंह राघव, कुंडीबेह विधायक रघुनंदन शर्मा, कलेक्टर डॉ. निवेदिता कुमार सिंघा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंदिरा मड़कामी और मध्यप्रदेश जल निगम के प्रबंध संचालक केवीएस चौबे सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों का परंपरिक साफा बांधकर स्वागत किया गया। पौधा भेंट कर इसके संरक्षण किया गया और ग्राम की महिलाओं ने कलश भेंट कर सम्मानित किया।

अपर सचिव बोले- सरकारों के साथ करें उपयोग

भारत सरकार ने जल जीवन मिशन के अपर सचिव कनकविक्रमादित्य सिंह ने बताया कि आज का कार्यक्रम रजत अवसर दिवस नाम से आयोजित किया गया है और यह भारत में पहली बार अलग साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुंडीबेह गांव में अब 24 घंटे पानी की व्यवस्था की जा रही है।

जिले में भी बन्द पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने हेतु किया गया चिन्हित

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शासन विभाग जलगुणवत्ता की हर विषय से कम समय में ट्यूबवेल को रिचार्ज किए जा सकते है। पिछले इस राजगढ़ जिले में भी बन्द पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने हेतु चिन्हित किया गया है। कलेक्टर डॉ. निवेदा कुमार सिंघा द्वारा बन्द चिन्हित ट्यूबवेल को रिचार्ज करने का कार्य पंचायतों द्वारा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभी सभी जनपद पंचायतों में 10-10 कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। कुछ कार्य में भी इस तरह के ट्यूबवेल के कार्य किए गए हैं। जिससे वाटर लेवल बढ़ा है। जनपद पंचायतों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा अपनी देखरेख में उक्त कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे आगामी वर्षा ऋतु में वाटर लेवल बढ़ेगा।

पुराने विवाद पर पति ने पत्नी को पीटा, केस दर्ज

ब्यावरा। जिले थाना अंतर्गत पति द्वारा पुराने विवाद में अपनी पत्नी के साथ मारपीट की गई। पत्नी की शिकायत पर सिटी पुलिस ने पति पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। यहां बता दें, अल्पना निवासी पूजा जाटव ने बताया कि उसकी शादी मोनूखेड़ा निवासी योगेश पुत्र शोभाराम जाटव से हुई थी। शादी के बाद से ही पति उससे गाली-गलौच करता है।

छई कोहरे की सफेद चादर

सारंगपुर। ठंड के मौसम में मंगलवार सुबह पहली बार शहर पर घने कोहरे की चादर छा गई। सुबह होते ही पूरे इलाके में धुंध छा गई, जिससे दृश्यता घटने से कम दूरी का ही दिखाई दे रहा था। कोहरे की वजह से वाहनों के पहिये धीमे पड़ गए। दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। सड़कों, गलियों और कालोनियों में सुबह ही दूरी पर सामने का दृश्य धुंधला

जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आयोजित जनसुनवाई में पेंशनार्थियों निराश्रित विधवा बाई ने बताया कि आवेदिका को पिछले साल से किसी व्यवस्था आवेदिका पर किया वेतन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को अवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को अवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

50 लाख ले लो, राजीनामा कर लो वरना..मृतक के पिता को धमकाया

डीआर संवाददाता ✍ गुना

आकाशन एक्टी मामले में जेल में बंद बर्थडे चमरीर कुशवाह की गुरिन्दर्स चमरीर कुशवाह की गुरिन्दर्स बन होने का नाम नहीं ले रही है। अब उसके भाई पर नवाब को धमकाने और राजीनामा के लिए दबाव बनाने के आरोप लगे हैं। मामला 2015 में हुई एक डकैती की घटना से जुड़ा है।

आरोप है कि रामवीर के भाई ने मृतक के पिता से 50 लाख रुपए का ऑफर दिया और केस वापस लेने का दबाव बनाया। जब पिता नहीं माने, तो उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। इस मामले में उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के नवाबट थाने में मर्ग दर्ज की गई है। वहां पहुंचकर धमकाया- अब बाप की शिकायत मत करना।

मृतक मानक कुशवाह के पिता गोपाल कुशवाह ने पुलिस को बताया कि उन्हें कुल 8 लोग रुपए का ऑफर दिया और केस वापस लेने का दबाव बनाया। जब पिता नहीं माने, तो रामवीर का भाई श्यामवीर बोला, जबकि रामवीर को आज्ञा से आरोपियों ने नवाबट से कहा- भतमीर के केस में राजीनामा कर लो, उनकी पत्नाकाश हो जाने दो। हम तुमको 50 लाख रुपए दे देते हैं। जब गोपाल ने पैसे लेने और समझौते से साफ इनकार कर दिया, तो जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि खबर छाप (शिकायत) की शिकायत मत करना। गोपाल ने पुलिस को बताया कि उन्हें डर है कि राजीनामा न करने पर वे लोग उनके या उनके बेटे के साथ कोई भी घटना कर सकते हैं।

पिता बोले- 2015 में जलाकर मार डाला था

यह पूरा मामला साल 2015 का है। यूपी के ललितपुर मालहन कुशवाह की गुना जिले के मरनावदा थाना क्षेत्र (कलियाई जीवी) में संदिग्ध परिस्थितियों में जलाकर मौत हो गई थी। इस मामले में रामवीर कुशवाह आरोपी है और केस (अपराध क्रमांक 473/15) दर्ज है। मृतक के पिता गोपाल कुशवाह तभी से बेटे को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी केस को दबा-दबा करने के लिए अब पैसों का लालच और धमकियां

बैठक आयोजित **कलेक्टर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित**

जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशित किया गया

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

राजगढ़ कलेक्टर कार्यालय के सेमिनार हॉल में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. निवेदा कुमार सिंघा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निर्वाचक नामावली के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन, मतदाताओं की वर्तमान स्थिति और आगामी दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा हुई।

कलेक्टर डॉ. सिंघा ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के निर्देश पर आज (मंगलवार) जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशित किया गया है। यह सूची जिले के 1,436 मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित की गई है, जिससे मतदाता अपने नाम, पता और अन्य विवरणों की जांच कर सकें।

64 हजार वोटरों के नाम कटे: प्रारूप सूची के अनुसार, जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 11 लाख 10 हजार 754 मतदाता दर्ज हैं। 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में यह संख्या 11 लाख 76 हजार 113 थी, जो 66 दिन हुई है।

बैठक में बताया गया कि विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के तहत कुल 64,359 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इन नामों की मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित या दोहरी प्रविष्टि जैसी श्रेणियों के कारण विलोपित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सेल्फ-सीडिंग और परिवार मैपिंग के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन भी किया गया है।

जिन मतदाताओं को सर्च-सीडिंग श्रेणी में रखा गया है, उन्हें संबंधित मतदाता पंजीयन अधिकारियों द्वारा सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं ने स्व-मैपिंग या परिवार मैपिंग के जरिए या जुटिपूर्ण जानकारी दी है, उन्हें सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। इसी तरह, जिन मतदाताओं का नाम 27 अक्टूबर 2025 की सूची में था लेकिन 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप नामावली में शामिल नहीं है, वे भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पात्र प्रस्तुत कर अपना नाम फिर से जुड़वा सकते हैं।

इन सभी मामलों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा पूरी जांच और सुनवाई के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

अशोकनगर कोर्ट से लौटते समय किया था हमला, पांच पहले ही हो चुके थे गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

अशोकनगर पुलिस ने एडवोकेट अनिल अग्रवाल पर हमले के मामले में फरार चल रहे आखिरी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सलमान (28 वर्ष), जो ग्राम खैरमान का निवासी है, उसे शहर के पुराने बस स्टैंड से पकड़ा गया। वह यहां घूमता हुआ मिला था।

कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंघा के निर्देश पर फरार चल रहे आखिरी आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु तलाशी अभियान चलाया जा रहा था।

यह घटना बीते दिनों कोतवाली थाना क्षेत्र के पास पेट्रोल पंप के पास हुई थी। जिला न्यायालय से लौट रहे एडवोकेट अनिल अग्रवाल पर प्रदीप सरदार और उसके अन्य साथियों ने जानलेवा हमला किया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में तुरंत प्रकरण दर्ज कर लिया था।

घटना के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को दूसरे ही दिन गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दो अन्य आरोपियों को कुछ समय बाद पकड़ा गया। हालांकि, सलमान घटना के समय से ही फरार चल रहा था।